Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to implement Kisan Samman Nidhi Yojna in Madhya Pradesh.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा किसानों के लिए जो किसान सम्मान निधि की घोषणा की थी और देश के अनेकों राज्यों में उसका वितरण भी हुआ, लेकिन बहुत दुख की बात है कि मध्य प्रदेश में किसान सम्मान निधि अभी तक नहीं दी गयी है । जब हमने मंत्रालय से पता लगाया तो यह बताया गया कि मध्य प्रदेश सरकार ने अभी तक किसानों की सूची उपलब्ध नहीं करवायी है । मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि किसान सम्मान निधि मध्य प्रदेश में तुरन्त वितरित करवायी जाए । धन्यवाद ।